रटो राधा राधा राधा, जपो राधा राधा राधा राधा नाम मिटावे, जीवन की हर बाधा

पद : श्री राधा को नाम रसायन, अति उत्तम गुणकारी राधा नाम ने लाखों तारे, नाम परम हितकारी राधा नाम मुरली में टेरत, "मधुप" हरि गोपाला राधा नाम रस बहियो जात है, पीलो भर भर प्याला

रटो राधा राधा राधा, जपो राधा राधा राधा राधा नाम मिटावे, जीवन की हर बाधा

1. शुक सनकादी शेष और शारद,
राधा नाम जपे शिव नारद
तिहूंलोक लहराए राधा नाम की पताका,
रटो राधा--

2. राधा नाम परम सुखदाई,
महिमा वेद पुराणन गाई
संत भक्त ऋषि मुनियों ने,
नाम यही साधा, रटो राधा--

3. राधा नाम मिश्री स्यों मीठा,
पुनि पुनि गावत आवत झूटा
राधा नाम की महिमा ब्रज धाम में अगाधा,
रटो राधा--

4. राधा नाम में अद्भुत मस्ती,
राधा नाम से मिले हरि भक्ति
राधा नाम "मधुप" हरि प्रेम को दाता,
रटो राधा--

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण 'मधुप' (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)
स्वर : सर्व मोहन (टीनू सिंह)

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33776/title/rato-radha-radha-radha--japo-radha-radha-radha-radha-naam-mitave--jeevan-ki-har-badha

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |